डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

14 फरवरी 2026
शनिवार

आपकी आवाज




ईमेल से आई बम की सनसनी, घंटों ठप रहा बक्सर व्यवहार न्यायालय

2



## एक नजर

### एसयूवी और मोटरसाइकिल की टक्कर में सात की मौत

**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू की सड़कों पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बंगलूरू के होसकोटे के पास शुक्रवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा एम सत्यवर गांव के पास होसकोटे-डाबास्पेटे नेशनल हाईवे पर हुआ। जानकारी के अनुसार, होसकोटे से देवनहली की ओर जा रही एक एसयूवी ने पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। पुलिस का कहना है कि शुरूआती टक्कर के बाद एसयूवी का चालक नियंत्रण खो बैठा और एक कैंटर वाहन से टकरा गया। इसके बाद एक और कार भी हादसे में फंस गई। जानकारी के अनुसार हादसे में एसयूवी और मोटरसाइकिल पर सवार छह लोग और मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के बंगलूरू के कोथनूर के रहने वाले होने की आशंका है, लेकिन उनकी पहचान अभी तक पक्की नहीं हो पाई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए होसकोटे सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ दास गिरफ्तार

**पटना ।** पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ दास को पटना पुलिस ने शुक्रवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। अमिताभ दास के पटना स्थित उनके घर पर पुलिस की छापेमारी के लिए पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पुलिसिया कार्रवाई पटना में पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित स्काइज अपार्टमेंट में हुई। इस दौरान पाटलिपुत्र, चित्रगुप्त नगर और एक अन्य थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम की ओर से सेकेंड फ्लोर के फ्लैट नंबर-22 में तलाशी भी ली गई। पुलिस हिरासत में लिए जाने के दौरान अमिताभ दास ने मीडिया के सामने कई बड़े दावे किए। इससे पहले अमिताभ दास को बिहार सरकार ने 2018 में जबरन रिटायर्ड कर दिया था। इससे पहले चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस की ओर से पटना के सदर एसडीओ को एक आवेदन दिया गया था।

# ब्रिटिश सोच की हुकूमत वाली इमारतें अब नहीं : पीएम मोदी

- नई कर्मभूमि सेवा तीर्थ से पहली स्पीच
- पीएम मोदी ने 'सेवा तीर्थ' से देश को संबोधित किया
- विजया एकादशी' पर 'विकसित भारत' का संकल्प लिया
- नए भवन ब्रिटिश सोच से मुक्त, जनता की आकांक्षाएं पूरी करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम कार्यालय के नए पते सेवा तीर्थ से देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं। 13 फरवरी का यह दिन, भारत की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि शास्त्रों में विजया एकादशी का बहुत महत्व रहा है। इस दिन जिस संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं, उसमें विजय अवश्य प्राप्त होती है। आज हम सभी विकसित भारत का संकल्प लेकर सेवा तीर्थ में, कर्तव्य भवन में प्रवेश कर रहे हैं। अपने लक्ष्य में विजयी होने का दैवीय आशीर्वाद हमारे साथ है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए पते 'सेवा तीर्थ' से देश को संबोधित किया, इसे भारत की विकास यात्रा में नया अध्याय बताया। उन्होंने 'विजया एकादशी' का महत्व बताते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प पर जोर दिया। पीएम ने ब्रिटिश-युग की इमारतों के विपरीत 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन' को 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि नए परिसर किराए और लॉजिस्टिक खर्च कम करके उत्पादकता बढ़ाएंगे।

### ब्रिटिश सोच वाली इमारतें अब नहीं



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतें, जो ब्रिटिश सोच की हुकूमत को लागू करने के लिए बनी थीं, वहीं आज सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन जैसे परिसर भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं। उन्होंने कहा, श्यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे। इसी अमृत भावना के साथ आज मैं ये सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन भारत की जनता को समर्पित कर रहा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय 21वीं सदी का पहला क्वार्टर पूरा हो चुका है। यह आवश्यक है कि विकसित भारत की कल्पना केवल नीतियों और योजनाओं में ही नहीं, बल्कि हमारे कार्यस्थलों और इमारतों में भी दिखाई दे। जहां से देश का संचालन होता है, वह जगह प्रभावी भी होनी चाहिए और प्रेरणादायी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे, आजादी के इतने सालों बाद भी दिल्ली सरकार के अनेक मंत्रालय दिल्ली के 50 से भी ज्यादा स्थानों से चल रहे हैं।

## भारत-बांग्लादेश के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध पीएम मोदी ने तारिक रहमान से की फोन पर बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बांग्लादेश के चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद पीएम मोदी ने बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान से बात की। पीएम ने रहमान को जीत की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'मिस्टर तारिक रहमान से बात करके बहुत खुशी हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। पीएम मोदी ने आगे लिखा, 'मैंने बांग्लादेश के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उनकी कोशिश के लिए अपनी शुभकामनाएं और सपोर्ट दिया। दो करीबी पड़ोसियों के तौर पर, जिनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्ते बहुत गहरे हैं, मैंने दोनों देशों के लोगों की शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए भारत के लगातार कमिटमेंट को फिर से पक्का किया।' बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+ ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अभी तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 पर्तिय्न के गठबंधन को अभी तक सिर्फ 77 सीटें मिली हैं।

बजट सत्र के पांचवें दिन सीएम योगी विधानसभा को किया संबोधित

# सनातन आस्था को कोई कैद नहीं कर सकता : योगी



- 6 साल में 8 करोड़ लोगों को गरीबी के आंकड़े से ऊपर किया गया

लखनऊ यूपी विधानसभा में हाल ही में बजट पेश किया गया। वहीं अब बजट सत्र के पांचवें दिन सीएम योगी विधानसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा, 'राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दल का आचरण अच्छा नहीं था। प्रदेश की छवि अचानक खराब नहीं हुई थी, यही आचरण था। जिस आचरण से बिटिया घबराती थी और व्यापारी डरता था उसकी एक झलक अभिभाषण के दौरान देखने को मिली। गालिब ने भी कहा था- उम्र भर ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आइना साफ करता रहा। सपा के इस आचरण के कारण पूरा सदन आहत महसूस कर रहा था। सीएम योगी ने कहा, 'राज्यपाल ने अपने भाषण में बताया कि 6 साल में 8 करोड़ लोगों को गरीबी के आंकड़े से ऊपर किया गया। संगठित अपराध नियंत्रित हुआ है। ये सरकार की अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है, समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। इसके लिए सरकार की स्पष्ट नीति थी, साफ नीयत थी और सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हम लोगों ने सामूहिक रूप से प्रयास किया। वहीं आज यूपी में देखने को मिल रहा है। आज यूपी बीमारू राज्य नहीं, 3ळ का प्रतीक बन रहा है। यानी टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी बनकर उभरा है। इसे बनाने के लिए यूपी ने जो कार्य किए हैं। पहली बार सदन में प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया।'

### देश की टॉप 3 अर्थव्यवस्था में से यूपी एक

सीएम योगी ने आगे कहा, 'सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य अपनी पहचान के लिए मोहताज था। यूपी को उस दौरान शक की निगाहों से देखा जाता था। यूपी ने उससे उभर करके विकास की दिशा तय करने वाले अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बनाई है। आज देश की टॉप 3 अर्थव्यवस्था में से यूपी एक है। अब यूपी भारत की इकॉनोमी का एक ब्रेकथ्रू बना है। प्रदेश के हर नागरिक को बिना भेदभाव के सशक्त बनाने के निर्णय लिए गए हैं और उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। पहली बार सदन में प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत हुआ। डंके की चोट पर सरकार ने बताया, हमने क्या किया है? यह आर्थिक सर्वेक्षण विचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकास की अभिनव यात्रा का प्रतीक है।'

### उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश

सीएम योगी ने कहा, '2017 के पहले क्या था? सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे माफिया थे, लेकिन अपराधी अपराधी होता है। सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की बात कही थी और आज भी उसी पर कायम है। 2017 के पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन गई थी, पर्व और त्योहार आस्था के नहीं आशंका के पर्याय बन गए थे। पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था। ना बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी सुरक्षित था। आज उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश है। रिकॉर्ड पुलिस भर्तियां, महिला सशक्तिकरण की नई पारी, त्वरित और आपातकालीन सेवाएं, अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस आज ये यूपी में देखने को मिलता है। अब भय का वातावरण नहीं है आज हर जनपद में लोग आस्था के साथ जाते हैं। आज दंगों की जगह टेंपल इकॉनोमी ग्रो कर रही है। सिर्फ माघ मेले में 21 करोड़ श्रद्धालु आए, ये होता है परिवर्तन।'

## अगले पांच साल में बनेंगे 50 नए हवाई अड्डे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डे बनाने की योजना बना रहा है। जो देश के रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी बड़े अवसर पैदा करेंगे। शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्री के.राममोहन नायडू ने कहा, हवाई अड्डे रियल एस्टेट विकास का सहारा हैं। सरकार हवाई अड्डों के पास भवनों की ऊंचाई के नियमों को सुलझाने पर काम कर रही है। एविएशन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राजधानी दिल्ली में नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा आयोजित एक रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में बोलते हुए मंत्री नायडू ने कहा, भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते सिविल एविएशन मार्केट में शामिल है। देश में वर्तमान में 165 हवाई अड्डे है। मंत्री नायडू ने इस सेक्टर की लंबी अवधि की संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा,रियल एस्टेट का आकार 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 5 से 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। भविष्य के विकास में जीवन स्तर के साथ जीवन की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खासकर वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने युवा शहर वासियों के लिए रेंटल हाउसिंग बढ़ाने पर भी जोर दिया। मंत्री ने कहा, हवाई अड्डों के आसपास सुरक्षित उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए भवनों की ऊंचाई पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई जैसे बड़े शहरों में कुछ प्रतिबंध भी लगाए है। एयरपोर्ट के आसपास भवनों की ऊंचाई से जुड़े मुद्दों का समाधान ढूंढने के लिए वैश्विक एविएशन संस्थान आईसीएओ की मदद से अध्ययन किया जा रहा है। हमारी टीम सभी शहरों का दौरा कर रही है। तकनीकी पहलुओं के साथ साथ एविएशन संचालन का भी अध्ययन कर रही है। सभी फीडबैक को ध्यान में रखने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट तैयार होने के बाद सभी शहरी क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को बढ़ावा देने का माहौल बनाया जाएगा।

## एअर इंडिया पर लगा 1 करोड़ का जुर्माना




**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन एअर इंडिया डीजीसीए ने 1 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरोप है कि एयरलाइन ने एक एयरबस विमान को जरूरी एयरवर्थनेस परमिट के बिना आठ बार उड़ाया। डीजीसीए ने यह कार्रवाई एक गोपनीय आदेश के आधार पर की है। नियामक का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से एयरलाइन पर जनता का भरोसा और कम होता है। यह मामला नवंबर 2025 का है, जब एक एयरबस विमान ने जरूरी प्रमाणपत्र खत्म होने के बावजूद यात्रियों को लेकर उड़ान भरी। जानकारी के अनुसार, एयरबस का विमान 24 और 25 नवंबर को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद के बीच उड़ाया गया। इस दौरान विमान के पास वैध एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट नहीं था। एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट एक अनिवार्य प्रमाणपत्र है, जिसे हर साल विमान की पूरी जांच के बाद जारी किया जाता है। इसमें विमान के रखरखाव रिकॉर्ड, तकनीकी स्थिति और सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। यह मुख्य एयरवर्थनेस सर्टिफिकेट की वैधता की पुष्टि करता है। नियमों के अनुसार, एयर इंडिया को अपने विमानों के लिए एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट जारी करने का अधिकार दिया गया है।







# ईमेल से आई 'बम' की सनसनी, घंटों ठप रहा बक्सर व्यवहार न्यायालय





■ धमकी मिलते ही खाली कराया गया पूरा परिसर, बम निरोधक दस्ता और साइबर टीम जांच में जुटी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब आधिकारिक ईमेल आईडी पर बम विस्फोट की धमकी भरा संदेश मिला। संदेश में दोपहर के समय कोर्ट परिसर को उड़ाने की बात लिखी गई थी। सूचना मिलते ही न्यायालय प्रशासन ने तत्काल सभी न्यायिक कार्य स्थगित कर दिए और एहतियातन पूरे परिसर को खाली कराने का निर्णय लिया।

घोषणा होते ही कोर्ट परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी, मुवक्किल और आम नागरिक तेजी से बाहर निकलने लगे। कुछ ही मिनटों में अदालत की इमारत खाली करा ली गई। बाहर मुख्य सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे आसपास का इलाका भी तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्षेत्र की घेराबंदी कर किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर न्यायालय के सभी कक्षों, रिकॉर्ड रूम, सीढ़ियों, गलियारों और परिसर के खुले हिस्सों की गहन तलाशी ली गई। कई घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद भी कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

धमकी भरे ईमेल की तकनीकी जांच के लिए साइबर टीम को सक्रिय कर दिया गया है। ईमेल किस आईपी एड्रेस से भेजा गया और उसका स्रोत क्या है, इसका विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला शरारती तत्वों की हरकत प्रतीत होता है, लेकिन जांच पूरी होने तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

घटना के बाद एहतियात के तौर पर न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। साथ ही शहर के अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

इस घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था और साइबर निगरानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन ईमेल की सच्चाई सामने आने तक पुलिस की जांच जारी रहेगी।

## बम की धमकी से दहला न्यायिक तंत्र बक्सर से डुमरांव तक हाई अलर्ट



■ सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की सूचना के बाद अनुमंडलीय न्यायालय खाली, डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता ने खंगाला परिसर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन डुमरांव अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परिसर को तत्काल खाली कराते हुए आम लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी। सूचना मिलते ही न्यायिक परिसरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति जल्द नियंत्रित कर ली गई।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार के निर्देश पर डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सुरक्षा के मद्देनजर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने न्यायालय भवन, रिकॉर्ड रूम, अधिवक्ता कक्ष, पार्किंग स्थल और प्रवेश द्वारों की गहन तलाशी ली।

जांच के दौरान हर संदिग्ध वस्तु की बारीकी से पड़ताल की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और परिसर को सुरक्षित घोषित करने से पहले बहुस्तरीय जांच की जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियों ने न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी है तथा आसपास के क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। प्रवेश बिंदुओं पर निगरानी सख्त कर दी गई है और आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस धमकी के स्रोत और इसके पीछे की मंशा का पता लगाने में जुटी है।

फिलहाल न्यायिक कार्य बाधित रहा, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा सुनिश्चित होते ही सामान्य गतिविधियां बहाल कर दी जाएंगी। पूरे घटनाक्रम ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है।

## एक नजर

### शिव धनुष भंग की गूंज से गुंजायमान हुआ पश्चिम पोखरा परिसर



**चौगाई।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव स्थित गौरीशंकर, राधेकृष्ण मंदिर पश्चिम पोखरा परिसर में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन शुक्रवार को आस्था और अध्यात्म का अद्वितीय दृश्य देखने को मिला। कथा का मुख्य आकर्षण रहा भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग का पावन प्रसंग, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया। जैसे ही राष्ट्रीय कथावाचक पं. मधुसूदन बिहारी जी ने जनकपुर की उस ऐतिहासिक सभा का वर्णन आरंभ किया, श्रोतागण मानो त्रेता युग की उसी दिव्य बेला में पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मिथिला नरेश राजा जनक ने माता सीता के स्वयंवर के लिए शिव धनुष को उठाने की शर्त रखी थी। देश-विदेश से आए बलशाली राजा और महारथी धनुष को हिलाने तक में असमर्थ रहे। सभा में निराशा का वातावरण व्याप्त हो गया। उसी समय महर्षि विश्वामित्र के संकेत पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने गुरु आज्ञा का पालन करते हुए सहज भाव से शिव धनुष को उठाया। कथावाचक ने उस क्षण का ऐसा सजीव चित्रण किया कि पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो उठा। श्रीराम द्वारा धनुष को प्रत्यंचा चढ़ाते ही वह भंग हो गया। धनुष टूटते ही मानो धरती-आकाश एक साथ गूंज उठेकृदेवताओं ने पुष्पवर्षा की, ऋषि-मुनियों ने स्तुति गाई और जनकपुर नगरी उल्लास से भर उठी। कथा स्थल पर भी वही आलौकिक दृश्य साकार हो उठा। जय सियाराम और हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु हाथ जोड़कर खड़े हो गए और कई लोगों की आंखें भावविभोर होकर नम हो उठीं। कथावाचक ने अपने प्रवचन में कहा कि धनुष यज्ञ केवल पराक्रम का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह धर्म, मयार्दा और विनम्रता की विजय का प्रतीक है। श्रीराम ने यह संदेश दिया कि सच्चा बल अहंकार में नहीं, बल्कि संयम, आज्ञाकारिता और कर्तव्यनिष्ठा में निहित है। उन्होंने कहा कि जब शक्ति के साथ शील और संस्कार जुड़े हों, तभी वह दिव्यता का रूप लेती है। धनुष भंग के साथ ही माता सीता और प्रभु श्रीराम के दिव्य मिलन की भूमिका भी बनी। इस प्रसंग ने कथा को और अधिक भावुक बना दिया। विवाह की पूर्व बेला का वर्णन सुनकर श्रद्धालु आनंद और भक्ति के भाव में डूब गए। पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भजन-कीर्तन और मंगल ध्वनियों के बीच भक्तगण देर शाम तक कथा श्रवण करते रहे। आयोजकों ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में श्रीराम-सीता विवाह और अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का रसपान कराया जाएगा। शिव धनुष भंग की यह गाथा न केवल आस्था का उत्सव बनी, बल्कि जीवन में मयार्दा और धर्म के पालन का प्रेरक संदेश भी दे गई। पश्चिम पोखरा परिसर में गूंजती भक्ति की यह ध्वनि श्रद्धालुओं के हृदय में लंबे समय तक स्मरणीय बनी रहेगी।

### मंदिर में सेंध लगाने की साजिश नाकाम, ग्रामीणों की चौकसी से रंगेहाथ दबोचा गया चोर

**चौसा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करहंसी पंचायत अंतर्गत लरई गांव में गुरुवार की देर रात ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ी वारदात टल गई। गांव स्थित शिव मंदिर में चोरी की नीयत से घुसे युवक को लोगों ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि देर रात मंदिर परिसर से असामान्य आवाजें सुनाई दीं। आसपास के लोगों को संदेह हुआ तो वे तुरंत मंदिर की ओर दौड़े। वहां देखा कि एक युवक मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ने के साथ ही दानपात्र पर भी वार कर रहा था। ग्रामीणों ने बिना देर किए उसे घेर लिया और पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान धनु राम के रूप में हुई है, जो राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी गांव का निवासी बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथौड़ा, छेनी, रामी और हेक्सा ब्लेड जैसे औजार बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल चोरी के प्रयास में किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इस संबंध में थाना में लिखित आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि युवक चोरी की नीयत से मंदिर परिसर में घुसा था। शुक्रवार को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वे सतर्कता नहीं दिखाते, तो मंदिर की संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता था। घटना के बाद गांव में सुरक्षा को लेकर सतर्कता और बढ़ा दी गई है।

## तालाब में डूबने से मासूम की मौत, स्कूल से लौटने के बाद हुआ हादसा

**ब्रह्मपुर।** बगेन गोला थाना क्षेत्र के बुनियादी टोला गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। स्कूल से लौटने के बाद 10 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक की पहचान अंकित कुमार (10 वर्ष), पिता उमेश यादव, निवासी बुनियादी टोला के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अंकित प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह स्कूल गया था। दोपहर में छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। काफी देर तक जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। आसपास के बच्चों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। शाम होते-होते परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर खोजबीन तेज की। इसी दौरान गांव के समीप स्थित तालाब के किनारे अंकित का स्कूल बैग मिला। बैग देखते ही अनहोनी की आशंका गहरा गई। तत्काल प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तालाब में सर्च अभियान चलाया।

## विश्वामित्र महोत्सव की तैयारी तेज, 20 फरवरी तक सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश

■ जिलाधिकारी साहिला ने किला मैदान का किया निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने व साफ-सफाई पर जोर



**केटी न्यूज/बक्सर**

आगामी 21 फरवरी को आयोजित होने वाले विश्वामित्र महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में जिलाधिकारी साहिला ने शुक्रवार को किला मैदान, बक्सर का स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को किला मैदान से जुड़े सभी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि महोत्सव की तैयारियां हर हाल में 20 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएं, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने किला मैदान के बाहर अवस्थित अस्थायी अतिक्रमण को अविलंब हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल के आसपास स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके साथ ही मैदान में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने, नियमित रूप से कूड़ा उठाव कराने तथा पूरे परिसर को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया।

महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने चलंत शौचालय की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था कराने तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप हों।

निरीक्षण के क्रम में मंच निर्माण, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने को कहा।

मौके पर अपर समाहर्ता बक्सर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बक्सर, विशेष कार्य पदाधिकारी बक्सर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी बक्सर, जिला खनन पदाधिकारी बक्सर तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विश्वामित्र महोत्सव को भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं, ताकि बक्सर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिल सके।

## डुमरांव में बोधिका के फरवरी अंक का विमोचन, शैक्षिक नवाचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति को मिला नया मंच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शिक्षा विभाग, बक्सर की मासिक शैक्षिक ई-पत्रिका ह्यबोधिकाह्ल के फरवरी अंक का विधिवत विमोचन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। विमोचन कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चन्दन कुमार द्विवेदी, वरीय व्याख्याता डॉ. नवनीत कुमार सिंह (डायट, डुमरांव), एडीपीसी रवि भूषण साहनी सहित पत्रिका के संपादन मंडल से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चन्दन कुमार द्विवेदी ने कहा कि बिहार शिक्षा परियोजना, बक्सर के तत्वावधान में प्रकाशित ह्यबोधिकाह्ल शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा-प्रेमियों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने बताया कि फरवरी अंक में शैक्षिक नवाचार, शिक्षण-अधिगम सामग्री, विद्यालयी गतिविधियों की झलक, प्रेरक लेख, छात्र-छात्राओं की रचनाएँ, कला एवं सृजनात्मक कार्यों के साथ-साथ विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की जानकारी और शिक्षा जगत की समसामयिक उपलब्धियों को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह ई-पत्रिका न केवल शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को साझा करने का माध्यम है, बल्कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। ह्यबोधिकाह्ल के माध्यम से विद्यालयों में हो रहे नवाचारों को व्यापक स्तर पर पहचान मिलेगी और अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा प्राप्त होगी। विमोचन समारोह में संपादन मंडल के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सुरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं रामभजन राम (संभाग प्रभारी, बीईपी, बक्सर), विमल कुमार सिंह (प्लस टू उच्च विद्यालय, लाखनडिहरा), मो. इमाम अली अंसारी (मध्य विद्यालय, नथुनी अहीर के डेरा), डॉ. मृत्युंजय राय (जवाहर ज्योति उच्च विद्यालय, बसुधर), सुगंधा कुमारी (मध्य विद्यालय, धनहा) और रवि प्रकाश (हाई स्कूल, कठार) सहित कई शिक्षाविदों और अधिकारियों ने पत्रिका की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। अंत में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने ह्यबोधिकाह्ल के नियमित प्रकाशन की सराहना करते हुए इसे जिले की शैक्षिक उन्नति के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक और सकारात्मक प्रयासों को निरंतर गति देने की आवश्यकता है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण और नवाचारी अवसर मिल सकें।






# महाशिवरात्रि पर हाई अलर्ट : 118 स्टैटिक दंडाधिकारी तैनात, घाटों-मंदिरों पर कड़ी सुरक्षा

- डीएम-एसपी ने संयुक्त ब्रीफिंग में दिए सख्त निर्देश, रामरेखा घाट से ब्रह्मपुर तक विशेष निगरानी

**केटी न्यूज/बक्सर**

महाशिवरात्रि के मद्देनजर जिले में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त ब्रीफिंग कर सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रमुख देवालयों में भीड़ को देखते हुए प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित करने, बैरिकेडिंग कराने तथा पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए। मंदिर प्रबंधन, वालंटियर्स और स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लेने पर भी




जोर दिया गया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। घाटों और स्नान कुंडों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अंचलाधिकारियों को चिन्हित घाटों पर गोताखोर, लाइफ जैकेट और महाजाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। नावों पर लाल झंडा, क्षमता और संबंधित कार्यालय का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

बक्सर के रामरेखा घाट, नाथ बाबा घाट और ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल और तकनीकी निगरानी रहेगी। अग्निशमन विभाग को चिन्हित स्थानों पर एक-एक यूनिट तैनात रखने का निर्देश दिया गया है।

विद्युत विभाग को नंगे व लूज तारों को दुरुस्त कर प्रतिवेदन देने को कहा गया है। वहीं, नगर निकायों को साफ-सफाई, प्रकाश और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस और चिकित्सक टीम सभी दिन तथा 24 घंटे तैयार रहेगी। जिला नियंत्रण कक्ष (06183-223333) समाहरणालय स्थित आपदा शाखा में सक्रिय रहेगा।

पर्व के दौरान 118 स्टैटिक दंडाधिकारी, 23 गश्ती दल दंडाधिकारी और 2 जोनल दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। साइबर मॉनिटरिंग के जरिए अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से संयम और सहयोग की अपील की है।

## जिलाधिकारी साहिला ने संयुक्त ब्रीफिंग कर दिए कड़े निर्देश, सुरक्षा से लेकर सफाई तक की व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

# महाशिवरात्रि पर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में चाक-चौबंद तैयारी



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में व्यापक प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी साहिला ने मंदिर परिसर का संयुक्त निरीक्षण करते हुए विधि-व्यवस्था संधारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु दर्शन व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डुमरांव अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार को निर्देश दिया कि दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति स्थल पर सुनिश्चित की जाए और उनकी नियमित उपस्थिति की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

### सुरक्षा और बैरिकेटिंग पर विशेष जोर

मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण के लिए समुचित बैरिकेटिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर एवं थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण कर आवश्यक स्थानों पर तत्काल बैरिकेटिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रद्धालु सुव्यवस्थित कतार में दर्शन कर सकें और प्रवेश व निकासी मार्ग स्पष्ट एवं सुरक्षित रहें। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरांव को संयुक्त रूप से कार्य योजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन का दायित्व सौंपा गया। उन्हें निर्देशित किया गया कि महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या से ही स्थल पर उपस्थित रहकर संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी करें तथा सुरक्षित निकासी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### स्वच्छता, रोशनी और सीसीटीवी की व्यवस्था

जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर को मंदिर परिसर की व्यापक साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान परिसर में स्वच्छता बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त चेंजिंग रूम की व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### स्वास्थ्य और आपात सेवा की तैयारी

महाशिवरात्रि के अवसर पर संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दो मेडिकल टीम तैनात करने का निर्देश दिया गया है। एक मेडिकल टीम मंदिर परिसर के अंदर तथा दूसरी परिसर के बाहर रहेगी। इसके साथ ही एक एंबुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### तालाब और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

अंचल अधिकारी ब्रह्मपुर को मंदिर परिसर के समीप स्थित तालाब में नाव और नाविक की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर को मंदिर के आसपास फैले विद्युत तारों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रह्मपुर, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर, थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान शिव के दर्शन कर सकें।

## फागुनी पशु मेला : प्रशासन का कड़ा रुख, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

**ब्रह्मपुर।** फागुनी पशु मेला को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने इस बार सख्त रुख अपनाया है। मेला क्षेत्र में नियमों के अनुपालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में 100 से अधिक पुलिस बल ने पूरे मेला परिसर का व्यापक निरीक्षण किया और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासन द्वारा चिन्हित प्रतिबंधित क्षेत्रों पर खास नजर रखी गई। इन क्षेत्रों में पशु बांधने या खरीद-बिक्री करने पर रोक लगाई गई है। जांच के क्रम में जहां-जहां नियमों का उल्लंघन पाया गया, वहां संबंधित पशुपालकों और व्यापारियों को तत्काल पशु हटाने का निर्देश दिया गया। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि न्यायालय और जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए लगातार पुलिस गश्ती की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मेला परंपरा और आस्था का प्रतीक है, लेकिन कानून-व्यवस्था सर्वोपरि है। सख्ती का उद्देश्य मेले को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।

## एक नजर

### अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय केसठ के छात्र शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर रवाना



**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय केसठ के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर राजगीर के लिए रवाना हुए। विद्यालय परिसर से बच्चों को शिक्षकों की देखरेख में हर्षोल्लास के साथ रवाना किया गया।इस परिभ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को राजगीर, नालंदा और गया के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक महत्व से जुड़े प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में इतिहास एवं संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना तथा कक्षा में पढ़ाए गए विषयों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करना है।प्रधानाध्यापक मो. नशरूदीन ने बताया कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों से परिचित कराना है, ताकि उनका बौद्धिक एवं सामाजिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान बच्चों की सुरक्षा, अनुशासन और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा।भ्रमण को लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखा गया। कई विद्यार्थियों ने बताया कि वे पहली बार राजगीर जैसे ऐतिहासिक स्थल को देखने जा रहे हैं, जिससे उन्हें नई जानकारी और अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर शिक्षक सतेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, फूल कुमारी एवं विद्या कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक भी बच्चों के साथ रवाना हुए।

### ओएसआर से आत्मनिर्भर पंचायतों की राह, प्रशिक्षण में उठी जवाबदेही की मांग

**राजपुर।** प्रखंड सभा कक्ष में जिला पंचायत संसाधन केंद्र एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से मुखिया, पंचायत सचिव और कार्यपालक सहायकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस ग्राम पंचायतों को ऑन सोर्स रेवेन्यू (ओएसआर) के जरिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना रहा, लेकिन पहले ही दिन उपस्थिति और व्यवस्थाओं को लेकर सवाल भी उठे। प्रशिक्षक ओमप्रकाश राम, दिनेश कुमार सिन्हा और धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि देश के कई राज्यों में पंचायतों ने ओएसआर के माध्यम से अपनी आय बढ़ाकर विकास कार्यों को गति दी है। उन्होंने कहा कि केवल केंद्र और राज्य सरकार के अनुदान पर निर्भर रहने से विकास सीमित हो जाता है, जबकि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग से पंचायतें स्थायी आय सृजित कर सकती हैं। प्रशिक्षकों ने तालाब, हाट-बाजार, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन जैसे स्थानीय संसाधनों के प्रबंधन से आय बढ़ाने के उपाय बताए। साथ ही पेशेवर कर, मनोरंजन कर, बाजार शुल्क, जल एवं विद्युत कर, उपयोगिता शुल्क, जुमार्ना एवं दंड शुल्क तथा कचरा संग्रहण पर उपयोगकर्ता शुल्क जैसे विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। उनका कहना था कि इन उपायों से पंचायतें करोड़ों रुपये का ओएसआर संग्रह कर सकती हैं और विकास कार्यों को निरंतर एवं टिकाऊ बना सकती हैं। हालांकि, प्रशिक्षण के दौरान कुछ कार्यपालक सहायकों और पंचायत सचिवों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई। कई मुखियाओं ने भी व्यवस्थागत कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग की मांग की। कार्यक्रम में मुखिया अनिल सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, जगलाल चौधरी, इंद्रावती देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशिक्षण के जरिए पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश तो दिया गया, लेकिन साथ ही जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत भी रेखांकित हुई।

## शादी का झांसा दे दुष्कर्म और लाखों की ठगी का आरोप : कोलकाता से बक्सर तक न्याय की लड़ाई

**बक्सर।** होमगार्ड जवान अजय सिंह पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और लाखों रुपये की ठगी का सनसनीखेज आरोप लगा है। पीड़िता सुजाता क्षेत्री ने पश्चिम बंगाल के बेलाघाटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला दर्ज कराने के बाद वह न्याय की गुहार लेकर बक्सर पहुंची और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी। पीड़िता का आरोप है कि अजय सिंह ने उससे शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और भरोसे का फायदा उठाते हुए समय-समय पर बड़ी रकम भी ली। जब उसने विवाह की बात को अंतिम रूप देने का दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया और संपर्क तोड़ लिया। खुद को ठगा और शोषित महसूस करने के बाद उसने कोलकाता में कानूनी कार्रवाई शुरू की। बक्सर पहुंचकर पीड़िता ने जिला होमगार्ड कमांडेंट से भी मुलाकात कर विभागीय कार्रवाई की मांग की। साथ ही उसने शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्यप्रकाश से मिलकर निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई। पीड़िता का कहना है कि उसे बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की उम्मीद है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मामला अंतरराज्यीय होने के कारण कोलकाता और बिहार पुलिस के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बेलाघाटा थाने से केस का विस्तृत ब्योरा मंगाया गया है और सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है। अब नजर इस बात पर टिकी है कि जांच कितनी तेजी से आगे बढ़ती है और पीड़िता को इंसाफ कब तक मिल पाता

## बक्सर में कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट शुरू युवाओं को नेतृत्व प्रशिक्षण देने की पहल

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संचालित ह्यनेशनल टैलेंट हंटह्न कार्यक्रम का शुभारंभ बक्सर जिले में किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने इसे संगठन सशक्तिकरण और नए नेतृत्व के निर्माण की पहल बताया।

जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव-गांव से युवाओं और सक्रिय नागरिकों को जोड़कर उन्हें राजनीतिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण देना है। उनके अनुसार, प्रतिभागियों को जनसंपर्क, नीति-समझ और सामाजिक मुद्दों पर संवाद की




बारीकियां सिखाई जाएंगी, ताकि वे स्थानीय स्तर पर प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूरी तरह पारदर्शी और समावेशी होगा, जिसमें सभी वर्गों को समान अवसर दिया जाएगा। पार्टी का लक्ष्य ऐसे कार्यकर्ताओं को तैयार करना है जो जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की विचारधारा को मजबूती से रख सकें। कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना भी की गई। वक्ताओं ने बेरोजगारी, महंगाई और किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि इन विषयों पर व्यापक जनसंवाद की जरूरत है। पार्टी नेताओं ने युवाओं, छात्रों, किसानों, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम के तहत कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में संजय कुमार पांडेय, संजय कुमार दुबे, रोहित उपाध्याय, कुमकुम देवी, त्रियोगी नारायण मिश्रा, महेंद्र चौबे, विकास कुमार विकास, अजय यादव और राकेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मरीजों का बेहतर इलाज व हर आधुनिक सुविधा देना ही है हमारा लक्ष्य : डॉ. हिमांशु पांडेय

- डुमरांव के शिवम डेंटल मल्टीस्पेशलिटि क्लीनक का हुआ विस्तार, बोले डॉ. हिमांशु सेंसर युक्त चेयर, सॉफ्ट टिशु सर्जरी के लिए लेजर की सुविधा भी मिलेगी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई पहल के साथ आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है। शहर के चर्चित डेंटल सर्जन डॉ. हिमांशु पांडेय ने अपने क्लीनिक शिवम डेंटल मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक का विस्तार कर मरीजों को अत्याधुनिक इलाज की सौगात दी है। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ नई मशीनों व सेंसरयुक्त चेयर का शुभारंभ किया गया। डॉ. हिमांशु पांडेय, जो स्टेशन रोड स्थित पाल



कटरा में वर्षों से दंत चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं, ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य है ह्लमरीजों को बेहतर इलाज और हर आधुनिक सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना ह्व उन्होंने बताया कि क्लीनिक में अब सेंसरयुक्त डेंटल चेयर तथा मल्टीपल चेयर की सुविधा शुरू की गई है, जिससे उपचार के दौरान मरीजों को अधिक आराम और सटीक इलाज मिल सकेगा। इसके साथ ही सॉफ्ट टिशु सर्जरी के लिए अत्याधुनिक लेजर मशीन भी स्थापित की गई है। डॉ. पांडेय ने बताया कि पहले इस तरह की सुविधाओं के लिए अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को पटना या वाराणसी का रुख करना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा उपलब्ध होने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। डुमरांव ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में डॉ. हिमांशु पांडेय की पहचान एक कुशल और तेज-तर्रार डेंटल सर्जन के रूप में है। दंत रोगों के उपचार के साथ-साथ टूटे जबड़े की सर्जरी में भी उन्हें विशेष महारत हासिल है। उनके क्लीनिक में रूट कैनाल, इंप्लांट, कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री और जटिल दंत सर्जरी जैसी सेवाएं पहले से उपलब्ध हैं, जिनमें अब नई तकनीक के जुड़ने से गुणवत्ता और भी बेहतर हो गई है। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में डॉ. पांडेय ने कहा कि आधुनिक मशीनों का उद्देश्य केवल तकनीकी विस्तार नहीं, बल्कि मरीजों को दर्दरहित, सुरक्षित और प्रभावी इलाज देना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अत्याधुनिक सुविधाओं के बावजूद इलाज को किफायती बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर वैदिक विद्वान पंडित अभयानंद पांडेय ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम में प्रो. अंबिका सिंह, प्रो. अभय पांडेय, अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. हितेश रंजन, रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर उमाशंकर पाठक सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिवम डेंटल मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक का यह विस्तार डुमरांव और आसपास के क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें बेहतर दंत चिकित्सा सुविधाओं के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक से लैस इलाज अपने ही शहर में उपलब्ध होगा।

## जनता की चौखट पर पुलिस : चौसा में त्वरित समाधान की पहल, तीन मामलों में केस दर्ज

**केटी न्यूज/चौसा**

आम लोगों की शिकायतों का मौके पर निपटारा करने की दिशा में चौसा के मुफस्सिल थाना परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम प्रभावी साबित हुआ। निर्धारित तिथि पर आयोजित इस पहल में विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने मारपीट, पारिवारिक कलह और भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष शम्भू भगत ने स्वयं उपस्थित रहकर एक-एक मामले की सुनवाई की। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित और निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। कई मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत कराई गई, जिससे आपसी समझ बढ़ी और कुछ पारिवारिक



विवाद सहमति से सुलझा लिए गए।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छोटे विवाद समय पर सुलझा लिए जाएं तो बड़े टकराव से बचा जा सकता है। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित अभिलेखों की जांच और अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, मारपीट और अन्य गंभीर मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# महाशिवरात्रि और होली से पूर्व हाई अलर्ट : डीजे पर रोक शराबबंदी पर सख्ती

**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर जिले में सड़क सुरक्षा, भूमि विवाद के मामलों के त्वरित निष्पादन, महाशिवरात्रि पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कांतेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और सभी संबंधित मामलों में समन्वित एवं परिणामोन्मुख कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में जिले में सड़क



दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपायों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न सड़कों पर दुर्घटना संभावित कई ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को संयुक्त रूप से इन स्थलों का निरीक्षण करने तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को भेजने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर, डिवाइडर, रिफ्लेक्टर युक्त साइनेज, हाई मास्ट लाइट, फुट ओवर ब्रिज आदि का निर्माण कराया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। विशेष रूप से सड़कों के किनारे स्थित स्कूलों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों के निकट सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर त्वरित कार्रवाई करने पर बल दिया गया। बैठक में हिट एंड रन मामलों की भी थानावार समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर लंबित मामलों की समीक्षा करने तथा प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी को इस कार्य की नियमित फॉलोअप करने का निर्देश दिया गया। यातायात नियमों के पालन को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा मोटर वाहन अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने आमजन, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र के संचालन की समीक्षा करते हुए उसे नियमित रूप से कार्यरत रखने तथा वहां आने वाले लाभार्थियों को नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। आगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्तादेश जारी कर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। महाशिवरात्रि के दिन बाबा गरीब नाथ मंदिर सहित जिले के विभिन्न शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है तथा कई स्थानों पर जुलूस निकाले जाते हैं। बैठक में बताया गया कि दोनों अनुमंडलों में कुल 27 जुलूस प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ने थाना स्तर पर जुलूसों की समीक्षा करने तथा प्रत्येक जुलूस की पूर्व अनुमति, रूट चार्ट एवं समय-सीमा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# स्वास्थ्य सुधार की दिशा में बड़ी पहल : बिहार सरकार और गेट्स फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर, हेल्थ केयर में आएगी नई क्रांति

**एजेंसी। पटना**

बिहार के स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में मुख्य सचिवालय में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग और गेट्स फाउंडेशन के बीच एक अहम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीकी सहयोग, डेटा आधारित नीति निर्माण और बेहतर कार्यप्रणाली के माध्यम से मजबूत करना है। यह साझेदारी स्वास्थ्य सुविधाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सहायक होगी, जिससे आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं अधिक सुलभ होंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में दीर्घकालिक सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। टङ्कव के तहत मातृ एवं



शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, डिजिटल हेल्थ सिस्टम और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। आधुनिक तकनीक और वैश्विक अनुभव का लाभ लेकर बिहार एक जनहित केंद्रित स्वास्थ्य मॉडल विकसित करेगा। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं की खाई कम करने में मदद मिलेगी। यह पहल राज्य के स्वास्थ्य रैंकिंग को बेहतर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत संवाद भी हुआ। इस संवाद का केंद्र बिंदु नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना था। अधिकारियों ने जमीनी चुनौतियों और संभावित समाधानों पर अपने विचार साझा किए। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध और परिणामोन्मुख तरीके से लागू करना है। आने वाले दिनों में यह समझौता बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा, जिससे बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और सेवा गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। सरकार और वैश्विक साझेदारों के संयुक्त प्रयास से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक सशक्त, आधुनिक और नागरिकों के लिए भरोसेमंद बनने की दिशा में अग्रसर है।

### नीति संवाद से प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत संवाद भी हुआ। इस संवाद का केंद्र बिंदु नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना था। अधिकारियों ने जमीनी चुनौतियों और संभावित समाधानों पर अपने विचार साझा किए। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध और परिणामोन्मुख तरीके से लागू करना है। आने वाले दिनों में यह समझौता बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा, जिससे बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और सेवा गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। सरकार और वैश्विक साझेदारों के संयुक्त प्रयास से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक सशक्त, आधुनिक और नागरिकों के लिए भरोसेमंद बनने की दिशा में अग्रसर है।

# खाकी का भरोसा कायम : सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने छह लोगों के खोए मोबाइल खोजकर लौटाए




**केटी न्यूज/रोहतास**

सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और तत्परता का परिचय देते हुए छह लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में भरोसे का माहौल मजबूत हुआ है । थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कुसुम्हरा निवासी रमेश कुमार,भड़कुड़िया निवासी अक्षय कुमार,नारायणपुर निवासी जुली देवी,बारुन टोला निवासी सोनू कुमार तथा बारुन निवासी योगेश कुमार और अंकित कुमार के मोबाइल फोन गुम हो गए थे । शिकायत मिलते ही पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सर्विलांस की मदद से मोबाइल की तलाश शुरू की । लगातार प्रयास के बाद सभी मोबाइल फोन बरामद कर सत्यापन उपरांत संबंधित धारकों को सौंप दिए गए । अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर सभी लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी । उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से उन्हें बड़ी राहत मिली है । थानाध्यक्ष ने आम नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल थाना में सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर सामान की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# मैट्रिक परीक्षा : प्रशासन की सख्ती कदाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

17 फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। अनुमंडल प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए व्यापक तैयारी की गई है तथा सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती और प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी, ताकि किसी भी तरह के प्रतिबंधित सामान को भीतर ले जाने से रोका जा सके। प्रशासन ने साफ कर



दिया है कि मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कदाचार में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित परीक्षार्थी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। साथ ही परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रहेगा और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही प्रवेश दिया जाएगा। अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने दोहराया है कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाएगी।

## एक नजर

### पडरिया में फाइलेरिया उन्मूलन के मेगा कैम्प का हुआ आयोजने



**रोहतास।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने उदेश्य से क्षेत्र के पडरिया बजार पर मेगा कैम्प का आयोजन हुआ. जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सुमित कुमार,जिला परिषद सदस्य रेशमा कुमारी, मैनेजर संदीप कुमार,आशा प्रबन्धक विकास कुमार व कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य प्रकाश गौतम ने फिता काटकर किया. जानकारी देते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि मेगा कैम्प के दौरान जीवीका सीएम नागवन्ती कुमारी के नेतृत्व में क्षेत्र की सभी जीविका कार्यकर्ता मौजूद हुई.जहा सभी को फाइलेरिया की दवाई खिलाई गई.सभी जीवीका ने आस पड़ोस के घरों में लोगों को दवाई खिलाने में मदद की. कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम हाउस टू हाउस 24 तारीख तक जीवीका, आशा एवं आंगनबाड़ी के सहयोग से चलाया जायेगा.फाइलेरिया की बिमारी एक विशेष प्रकार का मच्छर के काटे जाने से होता है.दवाई का सेवन करने वाले व्यक्ति को भविष्य में फाइलेरिया बीमारी का सामना नहीं करना पड़ेगा.मौके पर स्वास्थ्य सेवा से जुडे सभी कर्मी मौजूद रहे.

### सड़क हादसे मे पूर्व जिला परिषद पुत्र का हुआ मौत, परिजनो मे छाया मातम

**कोचस।** कोचस पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष के पुत्र का थाना के निकट हुए सड़क हादसे में शुक्रवार को मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व रोहतास जिला परिषद उपाध्यक्ष पूनम देवी का पुत्र राजा गुप्ता व उसका बड़ा भाई गुलशन कुमार अपने दुकान से किसी कार्य को लेकर परसिया के तरफ जा रहे थे कि इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों भाई घायल हो गये। जिसमें राजा गुप्ता को गंभीर चोटें आयीं। दोनों घायलों को आस पास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसमें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल राजा गुप्ता को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जबकि गुलशन कुमार को हल्के चोटें लगने के कारण प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया। वही ट्रामा सेंटर जाने क्रम में मोहनियां के आस पास ही राजा गुप्ता पिता सतेंद्र गुप्ता ने दम तोड दिया। वही शव को कोचस वापस लाया।जिसे कोचस पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया वहीं शुभेच्छुओं व आम लोगों का शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके आवास पर लोगों की भारी हुजूम उनके आवास पर उमड़ रही है।

### स्कॉर्पियो से 406 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कोचस।** कोचस पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है जहां वाहन तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कॉर्पियो से लगभग 406 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब ग्राहक को डिलीवर करने के लिए ले ले जाई जा रही हैं तभी पुलिस ने टीम गठित थी और अभिलंब कार्रवाई शुरू की जहां 406.05 अंग्रेजी शराब के साथ 4 तस्कर को गिरफ्तार कर उनके पास से कैश रुपए और बाइक मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त में लव कुश सिंह पिता राजेंद्र सिंह व अशोक कुमार पिताजी केंद्र यादव दोनों ग्राम बेरा थाना मोहनिया जिला कैमूर के बताए गए हैं तथा संदीप कुमार सिंह पिता पवन कुमार सिंह ग्राम जमनीपुर थाना चंदौली जिला चंदौली उत्तर प्रदेश के बताए जाते है जबकि अजय कुमार पिता रूप नारायण सिंह ग्राम ए जी कॉलोनी पटना थाना शास्त्री नगर पटना जिला पटना को विधिवत गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक स्कॉर्पियो और नेशनल गाड़ी, एक मोटरसाइकिल तथा चार मोबाइल और 125 00 रुपए भी बरामद किया गया है। वही पुलिस चारों शराब तस्कर को हिरासत मे ले मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है।

### स्टेशन रोड बिक्रमगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

**बिक्रमगंज ।** स्टेशन रोड बिक्रमगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में शुक्रवार से नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ किया गया । यह महायज्ञ श्री श्री 1008 श्री संत मौनी बाबा जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 1008 श्री गिरवर लाल जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है । महायज्ञ की शुरूआत शुक्रवार को भव्य जलयात्रा के साथ हुई । जलयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे श्रद्धा- भक्ति के साथ भगवान विष्णु के जयकारे लगाए गए। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचांग पूजन कर विधिवत महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री गिरवर लाल जी महाराज ने कहा कि श्री विष्णु महायज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि लोककल्याण और वातावरण की शुद्धि का भी माध्यम है । यज्ञ के माध्यम से समाज में भाईचारा,सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण का संदेश दिया जाता है ।उन्होंने श्रद्धालुओं से नौ दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में बढ़- चढ़कर भाग लेने को कहा। महाराज जी के अनुसार आगामी 19 फरवरी को भंडारे के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति की जाएगी। महायज्ञ के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग यज्ञ स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं।

# आध्यात्मिक आस्था,वैदिक परंपरा और भक्तिभाव का अनुपम संगम : जीयर स्वामी




**केटी न्यूज/रोहतास**

काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरडीहा मुरारपुर में शुक्रवार को आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री रामझ्लक्ष्मणझ्र जानकी प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव आध्यात्मिक आस्था,वैदिक परंपरा और भक्तिभाव का अनुपम संगम बन गया । यज्ञ मंडप में गूंजते वैदिक मंत्र, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु और दिव्य वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक चेतना से आलोकित कर दिया । इस अवसर पर परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने अपने सारगर्भित प्रवचन में मानव जीवन का रहस्य और संसार में मनुष्य के आगमन के उद्देश्य पर गहन विचार व्यक्त किए । स्वामी जी ने कहा,ह्लमानव जीवन ईश्वर की अनमोल देन है । हम इस संसार में केवल भौतिक सुख-सुविधाओं के उपभोग के लिए नहीं आए हैं । हमारा जन्म आत्मा के उत्थान,ईश्वर की भक्ति और समाज के कल्याण के लिए हुआ है । जब तक मनुष्य अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्य को नहीं समझता,तब तक वह बाहरी उपलब्धियों के बावजूद भीतर से अधूरा रहता है । उन्होंने आगे कहा कि जीवन का रहस्य यह है कि हम अपने भीतर स्थित दिव्य चेतना को पहचानें । सेवा,साधना और समर्पण ही मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं । यदि हम अपने कर्मों को धर्म के अनुरूप ढाल लें और ईश्वर को जीवन का केंद्र बना लें,तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन शांत और सफल होगा,बल्कि समाज में भी सद्भाव और नैतिकता का प्रसार होगा ।स्वामी जी ने यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा की महत्ता बताते हुए कहा कि ऐसे अनुष्ठान केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं,बल्कि आत्मशुद्धि और सामूहिक कल्याण के शक्तिशाली माध्यम हैं । यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है,मन निर्मल होता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है । महामहोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा-भक्ति के साथ भाग लिया । पूरा बरडीहा मुरारपुर गांव आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा ।

# डीएम उदिता सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा की

**केटी न्यूज/रोहतास**

किसान पंजीकरण (फार्मर रजिस्ट्री) कार्य में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन लगातार जुटा है। जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रखंडवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को पंजीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकतम संख्या में किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए तथा जिन किसानों के नाम से जमाबंदी कायम है, उनका अनिवार्य रूप से



पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका को निर्देशित किया कि जीविका दीदियों के सहयोग से ऐसे किसानों को चिन्हित कर शिविर स्थलों तक लाना सुनिश्चित करें, जिनका अब तक पंजीकरण नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री किसानों की एक डिजिटल पहचान है, जिसके माध्यम से उन्हें विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, बीमा, फसल सहायता एवं अन्य लाभों का सीधा फायदा मिलेगा। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही, किसानों को पंजीकरण के दौरान आ रही तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि अधिक से अधिक किसान इस महाअभियान का लाभ उठा सकें।

# होली के बाद बिहार की लड़कियों को मिलने जा रहा 50 हजार रुपए, विभाग ने कर दिया एलान

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने अपनी मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत होली के बाद राज्य की लड़कियों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। इस योजना का उद्देश्य है कि योग्य छात्राओं को पढ़ाई में प्रोत्साहन मिले और उनके शैक्षिक खर्चों में मदद हो। इस योजना के तहत लाभार्थी छात्राओं को सीधे उनके बैंक खाते में राशि भेजी जाएगी, जिससे उन्हें विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।इस योजना की राशि का वितरण कल्याण विभाग के माध्यम से सीधे छात्राओं के बैंक खाते में किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय में इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती। छात्राओं को केवल आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी होती है, जिसके बाद राज्य सरकार द्वारा आवंटित राशि उनके खाते में भेज दी जाती है।बिहार सरकार ने इस योजना के लिए बजट में पर्याप्त राशि आवंटित की है और मार्च माह में लाभार्थियों को राशि मिलने की संभावना है। योजना के तहत अब तक विभिन्न सत्रों की लगभग 43 हजार छात्राओं को लाभ मिल चुका है। वहीं, स्नातक सत्र 2021-24 तक कुल 80 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो इस योजना का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं।मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का मकसद केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि यह लड़कियों के शैक्षिक उत्थान और सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत छात्राओं को उच्च शिक्षा में सहायता देने के साथ-साथ उनके सामाजिक और आर्थिक विकास में भी योगदान मिलेगा। सरकार का यह प्रयास है कि छात्राओं को पढ़ाई में कोई रुकावट न आए और उन्हें हर संभव प्रोत्साहन मिले।लाभार्थी छात्राओं को सलाह दी जा रही है कि वे जल्द से जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि योजना के लाभ का लाभ उठा सकें। योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया सरल और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध है। छात्राएं अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और शिक्षा प्रमाण पत्र तैयार रखें।इस योजना के तहत मिलने वाली राशि न केवल छात्राओं के शैक्षिक खर्चों को पूरा करेगी, बल्कि उन्हें स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में भी मदद करेगी। योजना के अंतर्गत शिक्षा, किताबें, छात्रावास और अन्य शैक्षिक आवश्यकताओं में खर्च किए जाने वाले पैसे की पूर्ति की जा सकती है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ केवल योग्य और पात्र छात्राओं को ही मिलेगा। इसलिए सभी इच्छुक छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गलती न करें और सही जानकारी भरें। इस योजना के माध्यम से बिहार में लाखों छात्राओं को अपने शिक्षा के सफर को जारी रखने में मदद मिलेगी।यह योजना बिहार सरकार की लड़कियों को सशक्त बनाने की नीति का हिस्सा है। इसके अलावा, सरकार लगातार शिक्षा और महिला उत्थान के क्षेत्र में नई योजनाओं और उपायों पर काम कर रही है, ताकि राज्य के हर हिस्से की छात्राओं को बराबरी का अवसर मिल सके।

## एक नजर

### समस्तीपुर में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में करोड़ों की लूट, फायरिंग कर भागे बदमाश

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के समस्तीपुर जिला अंतर्गत खानपुर थाना क्षेत्र के श्री गाहर गांव में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार चार की संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने बंदूक की नोक पर दुकानदार को बंधक बना लिया और दुकान से करीब 15 किलो चांदी तथा लगभग 300 ग्राम सोना लूट लिया। लूटे गए जेवरात की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से भाग निकले। भागने के दौरान बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर अपराधियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### पटना के बाद बक्सर और पूर्णिया कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

**पूर्णिया ।** पटना के बाद पूर्णिया कोर्ट और अब बक्सर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस सूचना के बाद कोर्ट परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और पूरे परिसर को तुरंत खाली करा लिया गया। पुलिस अब कोर्ट परिसर की गहन जांच कर रही है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है। पूर्णिया सिविल कोर्ट को भी धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस का डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गया। उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार, पूर्णिया सिविल कोर्ट के गेट पर सभी का मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। अधिवक्ता संघ में भी गेट पर सुरक्षा जांच की व्यवस्था की गई और जांच के बाद ही लोगों को प्रवेश दिया गया। इन घटनाओं के बाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस लगातार मामले की जांच कर रही है। बता दें कि पिछले कुछ समय से पटना सिविल कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिल रही थी।

### पटना में जमीन विवाद ने लिया खौफनाक मोड़, युवक ने उतारा मौत के घाट

**पटना।** राजधानी पटना के चौक थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्या कांड का पुलिस ने बेहद त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने घटना के महज कुछ घंटों के भीतर ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे पुलिस की साक्ष्य-आधारित जांच और तेज कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है, ताकि आरोपित को न्यायालय में सख्त सजा दिलाई जा सके। जानकारी के अनुसार, 12 फरवरी 2025 को बक्सी मैदान (चौखण्डी पर) निवासी शबनम खातून ने अपने पिता मो० रईस की हत्या को लेकर चौक थाना में फर्दबयान दर्ज कराया। शबनम खातून ने पुलिस को बताया कि बंगाली कॉलोनी चौराहा के पास अज्ञात बदमाशों ने उनके पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमला इतना घातक था कि मौके पर ही मो० रईस की मौत हो गई। पीड़िता के बयान के आधार पर चौक थाना में कांड संख्या 90/26 दर्ज किया गया। पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 103(1) के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता की नई पहल पत्थर पर लकीर लक्ष्य के साथ आगे बढ़ा बिहार

**एजेंसी। पटना**



मक्खन पर लकीर तो सब खींचते हैं, खींचनी है तो पत्थर पर लकीर खींचोह्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सूत्र को ध्येय बनाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 24 नवंबर से दायित्व संभालने के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आम लोगों से जुड़े प्रशासन को सरल, सुलभ, पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। बिहार विधानसभा में 2026-2027 के बजट भाषण में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय पहलों और उपलब्धियों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भूमि से जुड़ी प्रक्रियाएँ कानून की जटिलता, प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं और समाज के भावनात्मक जुड़ाव से प्रभावित होती हैं। इसलिए वरीय पदाधिकारियों के साथ शुरूआती बैठकों में ही स्पष्ट कर दिया गया कि राजस्व प्रशासन को जनकेंद्रित और विश्वसनीय बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बिचौलियों और भूमाफियाओं के प्रति ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति लागू की गई है। साथ ही डिजिटल और फिजिकल तकनीक से व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। 12 दिसंबर से प्रमंडलवार शुरू हुआ ह्यभूमिसुधार जनकल्याण संवादह्न जिलावार भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सोशल मीडिया पर लाइव कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। इसमें तीन मूल समस्याओं दाखिल-खारिज, परिमार्जन और जमीन मापी को लक्षित कर मौके पर समाधान कराया जा रहा है और समान प्रकृति की समस्याओं के लिए गाइडलाइन तय की जा रही है। ऑनलाइन दाखिल-खारिज निष्पादन 75% से बढ़कर 84% हो गया है। लंबित मामलों का अनुपात 25% से घटकर 16% पर आ गया है। परिमार्जन प्लस निष्पादन 10% से बढ़कर 75% पर पहुंच गया है। विवाद-रहित दाखिल-खारिज के लिए 14 दिन की समय-सीमा निर्धारित कर कार्यों में तेजी लाई जा रही है। भूमि मापी के लिए ई मापी व्यवस्था लागू की गई है। निर्विवाद मापी 7 दिन में, विवादित मापी 11 दिन में और रिपोर्ट अपलोड करने की सीमा 14 दिन तय की गई है।

### एग्रीस्टैक और फार्मर रजिस्ट्री को गति

इन सुधारों से राज्य में चल रहे एग्रीस्टैक महाभियान को भी गति मिली। मात्र 35 दिनों में 40 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री संभव हुई। दिसंबर से जनवरी अंत तक दाखिल-खारिज और परिमार्जन के 40 लाख लंबित आवेदनों में से 11.50 लाख का निष्पादन किया गया।

### जाली दस्तावेजों पर सख्ती, शहरी वंशावली की नई व्यवस्था

भूमि विवाद का बड़ा कारण जाली दस्तावेजों पर अब अनिवार्य प्राथमिकी का निर्देश दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने की जिम्मेदारी अंचलाधिकारियों को सौंपी गई है।

### पुराने अभिलेखों से आधुनिक सर्वे की ओर

अधिकांश भूमि अभिलेख 1890झ्र1920 के कैडेस्ट्रल सर्वे काल के हैं। 1958 में शुरू रीविजनल सर्वे 1975 में रुक गया था। अब सटीक, सहज और समयबद्ध भूमि सर्वे की दिशा में राजस्व महाभियान को गति दी गई है। 31 मार्च 2026 तक 46 लाख लंबित आवेदनों के निष्पादन का लक्ष्य है। अब तक 34 लाख से अधिक दस्तावेज स्कैन किए जा चुके हैं।

# मोतिहारी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ चार महिलाएं और दो दलाल गिरफ्तार

**एजेंसी। मोतिहारी**



मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में संचालित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार महिलाओं सहित दो पुरुष दलालों को गिरफ्तार किया है। वही मौके से कैश, स्कैनर मशीन, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, एटीएम और आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षु डीएसपी कुमारी प्रियंका को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियारपुर स्थित चीनी मिल के पास एक झोपड़ी नुमा घर में अवैध गतिविधि संचालित होने की सूचना दी गई थी। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि वहां देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात को दी गई। एसपी के निर्देश पर प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने गुप्त रूप से जांच करते हुए थाना क्षेत्र के सोना मती मंदिर के पास संदिग्ध स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से चार महिलाओं और दो पुरुष दलालों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली तो वहां से नकदी, स्कैनर मशीन, कई आधार कार्ड, कथित तौर पर शक्ति बढ़ाने वाली दवाएं तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद स्कैनर मशीन और आधार कार्ड को लेकर भी जांच की जा रही है कि कहीं किसी तरह की धोखाधड़ी या फजीर्वाड़े से इसका संबंध तो नहीं है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


# जेल से छूटने के बाद मृत छात्रा के परिजनों से मिलने फुलवारीशरीफ पहुंचे पप्पू यादव, घटना की ली जानकारी

**एजेंसी। पटना**

पिछले शुक्रवार 7 फरवरी को पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया था। एक सप्ताह बाद आज शुक्रवार के ही दिन पप्पू यादव जेल से बाहर निकले। जेल से छूटने के बाद पप्पू यादव अपने घर नहीं गये बल्कि फुलवारीशरीफ इलाके में कल गुरुवार को हुई एक छात्रा की संदिग्ध मौत के बाद उनके परिजनों से मिलने घर पर पहुंचे। पीड़ित परिजनों से मुलाकात के बाद उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के चकमुसा गांव पहुंचे पप्पू यादव ने मृत छात्रा के परिजनों से मुलाकात की। छात्रा के पिता ने बताया कि एक जनवरी को कोचिंग का ओपनिंग हुआ था। जिसमें उनकी बेटी नाम लिखाई थी। रोज टेम्पू से कोचिंग पढ़ने के लिए जाती थी। 12 फरवरी दिन गुरुवार को भी वो कोचिंग में पढ़ने के लिए गई थी। बेटी टेम्पू से उतरी और कोचिंग में जाने के सीढ़ी चढ़ने लगी तभी उसके पीछे लड़का भी जाते हुए सीसीटीवी में दिख रहा है। जो बेटी के पीछे से लड़का दौड़कर गया और बेटी को ऊपर से धक्का दे दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतका के पिता बटाई पर खेती मजदूरी करते हैं। उन्होंने पप्पू यादव को बताया कि मेरी बेटी की हत्या की गयी है। पप्पू यादव ने मृतका के परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि जहानाबाद की बेटी के साथ-साथ फुलवारी की बेटी को भी न्याय दिलाकर रहेंगे। बता दें कि पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तीनों मामलों में जमानत मिलने के बाद पप्पू यादव बेऊर जेल से रिहा हो गये। बता दें कि 7 फरवरी को पटना के मंदिरी स्थित आवास से गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेजा गया था। 6 दिन बाद पप्पू यादव बेऊर जेल से बाहर आए हैं। जेल से आने के बाद उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते.. पप्पू यादव ने कहा कि वो न्याय इंसाफ के लिए सदैव लड़ेंगे। नाइंसाफी-अन्याय को बर्दाश्त ना ही किया है और ना वह करेंगे। जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने अपने नेता का स्वागत किया। इसे लेकर समर्थकों में खुशी का माहौल है। जेल से निकलने के बाद पप्पू यादव सीधे फुलवारीशरीफ के लिए रवाना हो गये। बता दें कि कल गुरुवार को फुलवारीशरीफ में एक कोचिंग के चौथे तल्ले से गिरकर एक छात्रा की संदिग्ध मौत हो गयी थी। परिजनों ने इसे हत्या बताया था और कार्रवाई की मांग की थी।

# पटना के मरीन ड्राइव पर नहीं लगेंगी दुकानें, बना नया वेंडिंग जोन

**एजेंसी। पटना**



पटना के जेपी गंगा पथ को लोग मरीन ड्राइव के नाम से जानते हैं, पहले लोग यहां घूमने आते थे और सड़क किनारे लगी दुकानों पर तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद चखते थे। लेकिन अब जेपी गंगा पथ के किनारे अनियमित रूप से लगने वाले ठेला-खोमचा दुकानदारों को दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी गयी है। इन्हें व्यवस्थित करने के लिए अब दीघा गोलंबर के पास नया वेंडिंग जोन विकसित किया जा रहा है। जो दो महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। पटना नगर निगम के अनुसार दीघा गोलंबर के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन में फुट ओवरब्रिज, पार्किंग, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे जहां वेंडरों को सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान मिलेगा, वहीं जेपी गंगा पथ पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि शहर में करीब तीन दर्जन वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना है। इसी क्रम में मरीन ड्राइव के वेंडरों के पुनर्वास के लिए दीघा गोलंबर से सूर्य मंदिर जाने वाली सड़क को चिह्नित किया गया है। इसे लेकर स्थल निरीक्षण भी की जा चुकी है। योजना के तहत पहले सड़क निर्माण और नाले को ढंकने का कार्य होगा, इसके बाद खटाल और अन्य अतिक्रमण हटाए जाएंगे। अस्थायी रूप से दुकानदारों को शिफ्ट करने में एक से दो माह का समय लग सकता है। वर्तमान में जेपी गंगा पथ पर सड़क किनारे वेंडिंग के कारण अक्सर यातायात बाधित हो जाता है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नया वेंडिंग जोन बनने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु होने की उम्मीद है। वही दूसरी ओर मरीन ड्राइव दुकानदार संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं। फुथपाथी दुकानदारों का कहना है कि 3 महीने पहले यह आश्वासन देकर उन्हें हटाया गया था कि 14 जनवरी तक स्थायी काउंटर उपलब्ध करा दिए जाएंगे, लेकिन अभी तक किसी तरह की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। फिलहाल वे गंगा किनारे अस्थायी रूप से दुकान लगा रहे हैं, लेकिन वहां कस्टमर नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे दुकानदारों को भारी समस्या हो रही है। दुकानदारों की नजर अब पटना नगर निगम के अधिकारियों पर टिकी हुई है।

# बिहार में फरवरी में ही गर्मी का असर : मौसम विभाग ने बताया तापमान बढ़ने का कारण

**एजेंसी। पटना**




बिहार के मौसम का मिजाज इन दिनों बदलने के फिराक में है, जिससे राज्य के अधिकांश जिलों में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। फरवरी के दूसरे हफ्ते में तेज धूप से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। खासकर पटना, गया, भागलपुर और मुजफ्फरपुर सहित अन्य जिलों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की कमजोरी और बारिश की कमी के कारण बिहार में मौसम शुष्क और गर्म बना हुआ है। साफ आसमान की वजह से सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं, जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है और लोगों को धूप तेज महसूस हो रही है। राज्य में अधिकतम तापमान कई जिलों में 28°C से 30°C के बीच दर्ज होता दिख रहा है, जो इस समय के लिए सामान्य से लगभग 2-4 डिग्री अधिक है। इन बढ़ते तापमान के कारण दिन में तेज धूप और गर्मी का प्रभाव बढ़ा है, जबकि सुबह-शाम का तापमान अपेक्षाकृत सामान्य बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल कोई बारिश की संभावना नहीं है और अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क ही रहने की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर होने के कारण हवा की गति भी कम है, जिससे ठंड का असर घटा है और दिन के समय तापमान तेज धूप के चलते उच्च बना हुआ है। बिहार के लोग भी बदलते मौसम को सामान्य से पहले गर्मी जैसा महसूस कर रहे हैं। दिन में बाहर निकलते समय तेज धूप और गर्मी से लोगों को परेशानी हो रही है। बाजारों और सड़कों पर लोग ढलते सूरज से पहले घर लौटने लगे हैं। वहीं डॉक्टरों ने भी लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है क्योंकि मौसम में अचानक बदलाव से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है, खासकर बुजुर्ग और बच्चों पर। मौसम विभाग का कहना है कि यदि बारिश नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में तापमान और अधिक बढ़ सकता है। फिलहाल मौसम विशेषज्ञ यह भी बता रहे हैं कि मार्च की शुरूआत में भी यह रुझान जारी रह सकता है, जिसका सीधा असर कृषि और रोजमर्रा के जीवन पर पड़ सकता है। कुल मिलाकर, बिहार में इस बार सर्दी कमजोर पड़ती दिख रही है और फरवरी में ही पारा ऊपर पहुंच रहा है। मौसम विभाग लगातार अपडेट दे रहा है और लोगों को मौसम से जुड़ी जानकारी के लिए जागरूक कर रहा है।

### तापमान में वृद्धि होने से नमी में आएगी कमी

कृषि विज्ञानी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव आने के साथ कृषि पर भी असर पड़ता है। इस दौरान रबी की फसलों में गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि के लिए मौसम अनुकूल माना जाता है। उतापमान में बहुत ज्यादा गिरावट या वृद्धि होने से नुकसान पहुंचता है। तापमान में वृद्धि होने से कीटों का विकास जल्दी होता है जिससे फसलों पर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उच्च तापमान के कारण मिट्टी की नमी कम हो जाती है। जिससे सिंचाई की अधिक आवश्यकता होती है। हालांकि तापमान में भी विशेष वृद्धि नहीं हुई है। समय-समय पर किसानों को फसलों के बचाव और बेहतर उत्पादन को लेकर सलाह दी जा रही है। मौसम में वर्षा के आसार होते हैं लेकिन इस बार विशेष रूप से इसका प्रभाव नहीं देखा गया। वर्षा लाभप्रद होती है।

# चलती कार में लगी आग, दो लोग झुलसे स्थानीय लोगों की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

**एजेंसी। पटना**

पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया में उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब चलती कार में अचानक आग लग गयी। इस हादसे में दो लोग झुलस गये। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गयी। बेतिया के मझौलिया प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब ठऌ-727 पर चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना नानोसती और पिपरा चौक के बीच बेतियाझ्र मोतिहारी मुख्य मार्ग पर हुई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार कार बेतिया से मोतिहारी की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक जब तक स्थिति को समझ पाता, तब तक कार में तेज लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की चपेट में आ गई। इस हादसे में कार सवार दो लोग झुलस गए। घटना के समय आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए तुरंत कार का दरवाजा खोला और दोनों घायलों को बाहर निकाला। उनकी सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना टल गई। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है। घटना के कारण कुछ समय तक एनएच-727 पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।